समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# अब आपके घर के AC का तापमान भी तय करेगा सरकार! मोदी सरकार लाने जा रही नया नियम

Publisher Published on 11 Jun 2025



## सरकार लाएगी नया एसी तापमान नियम, 20°C से 28°C के बीच ही तय रहेगा टेम्परेचर ; ऊर्जा की बचत और पर्यावरण को मिलेगा लाभ।

अब आपके घर में चलने वाला **एयर कंडीशनर (AC)** कितने डिग्री पर सेट होगा, यह भी केंद्र सरकार तय करेगी। **गृहनिर्माण एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर** ने घोषणा की है कि जल्द ही सरकार **एसी तापमान नियंत्रण** से जुड़ा नया नियम लागू करने जा रही है।

इस नियम के तहत सभी **एसी का तापमान 20°C से 28°C** के बीच सीमित किया जाएगा। इसका सीधा मतलब यह है कि कोई भी व्यक्ति अब **20 डिग्री से नीचे या 28 डिग्री** से ऊपर का तापमान सेट नहीं कर सकेगा। यह कदम न सिर्फ **ऊर्जा संरक्षण** के लिए अहम है, बल्कि इससे पर्यावरण को भी लाभ होगा।

**क्यों लाया जा रहा है ये नियम ?**

मंत्री **मनोहर लाल खट्टर** के मुताबिक, इस नियम से **बिजली की बचत, ग्रीनहाउस गैसों मे कंमी**, और **लंबे समय मे देश को आर्थिक फायदा** होगा। इसके अलावा, इससे एसी कंपनियों पर भी लगाम लगेगी, जो अब अपने उत्पादों में मनमाने तापमान सेटिंग्स नहीं दे सकेंगी।

**एसी के उपयोग मे होंगा बड़ा बदलाव**

सरकार का कहना है कि सभी नागरिकों को एक मानक तापमान सीमा में एसी का उपयोग करना चाहिए। यह नियम न केवल घरों

में ऊर्जा की खपत कम करेगा, बल्कि **सरकारी बिल्डिंग्स और कॉर्पोरेट ऑफिस मे भी बिजली की खपत** घटाएगा।

**जापान-अमेरिका मे पंहले से लागू है नियम**

भारत में यह नियम लागू होने से पहले ही **जापान** और **इटली** जैसे देशों में इस तरह के नियम लागू किए जा चुके हैं।

**जापान मे एंसी का तापमान 26°C पर**

**इटली मे 23°C** पर सेट करना अनिवार्य किया गया है।

भारत में भी यह कदम अब ज़रूरी होता जा रहा है क्योंकि **अप्रैल-मई** जैसे महीनों में एसी को **16 या 18 डिग्री** तक चलाया जाता है, जिससे ऊर्जा की भारी बर्बादी होती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.